मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री एस. आर. बोम्मई) : (क) से (ड़) सूचना एकत्र की जा रही हैं और सदन के पटल पर प्रस्तुत कर दी जायेगी।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन में चौकीदारों की रात्रिकालीन ड्यूटी

1928. **श्री शिव चरण सिंह :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच हैं कि केन्द्रीय विद्यालयों में चौकीदार या/चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारीगण रात्रिकालीन ड्यूटी पर रहते हैं,

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं,

(ग) क्या प्रत्येक विद्यालय में अपेक्षित स्वीकृति के अनुसार चौकीदार के पद वार्षिक आधार पर भरे जाते हैं,

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में अपनाए जाने वाले मानदण्डों का ब्यौरा क्या हैं,

(ङ) केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अधीन विद्यालयों में 1997-98 हेतु चौकीदार के कितने पद स्वीकृत किए गए ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया) : (क) से (ड़) रात्रिकालीन ड्यूटी पर तैनात समूह "घ" के कर्मचारी विद्यालय बंद होने से लेकर सुबह विद्यालय के खुलने तक ड्यूटी पर रहते हैं। समूह "घ" के पदों पर भर्ती संबंधित प्रधानाचार्य द्वारा रोजगार कार्यालय द्वारा प्रायोजित 8वीं कक्षा उत्तीर्ण और 18-25 वर्ष की आयु के उम्मीदवारों में से की जाती हैं। रात्रिकालीन ड्यूटी के लिए प्रत्येक विद्यालय के कम से कम समूह "घ" का एक कर्मचारी चौकीदार के रूप में तैनात किया जाता हैं।

Bill to Make Elementary Education Compulsory

1929. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government have decided to make 'Elementary Education Compulsory' as reported in the Hindustan Times dated the 17th July, 1997;

(b) if so, whether Government will introduce in the current Session (Monsoon) of Parliament, a Constitutional (Amendment) Bill so as to make elementary education compulsory for all children in the six to fourteen age groups; and

(c) whether Government have decided to provide any incentives to Teachers particularly Delhi, Rajasthan and Orissa who have volunteered for Government's Education for All (EFA)' programme during the current year in summer vacations?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): (a) Yes Sir.

(b) The Constitution (Eighty-third Amendment) Bill, 1997 has been introduced in the Rajya Sabha on 28th July, 1997 for this purpose.

(c) No, Sir.

"आपरेशन ब्लैकबोर्ड" योजना के अन्तर्गत लक्ष्यों की प्रप्ति

1930. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "आपरेशन ब्लैकबोर्ड" योजना के अन्तर्गत गुजरात सहित किन-किन राज्यों ने इसके लक्ष्य प्राप्त कर लिए हैं,

(ख) गुजरात के किन-किन जिलों विशेषतः सौराष्ट्र और कच्छ ने इस लक्ष्य को अपेक्षित रूप से प्राप्त नहीं किया हैं,

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं,

(घ) क्या यह सच हैं कि इस योजना के प्रचार और प्रसार में सरकार की नीति ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में शिक्षा और जागरूकता पैदा करने में लाभकारी सिद्ध नहीं हुई हैं,

(ङ) क्या सरकार स्वयं सेवी संगठनों की भागीदारी को उक्त योजना के लिए आमन्त्रित करने का विचार रखती हैं ?